कोयला मंत्रालय

# कोयला मंत्रालय ने सतही कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए

Posted On: 08 JUL 2026 7:25PM by PIB Delhi

सरकार द्वारा 13 मई 2026 को मंजूर की गई 37,500 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय वाली 'सतही कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना' के तहत कोयला मंत्रालय आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

यह योजना सतही कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य मूल्यवर्धन को बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना और ऊर्जा व रसायन क्षेत्रों में भारत के आत्मनिर्भर बनने के विजन में मदद करना है।

योजना को मंजूरी मिलने के बाद, **25 जून 2026 को योजना संबंधी दिशानिर्देश** जारी किए गए, जिसके बाद **7 जुलाई 2026** को **प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)** प्रकाशित किया गया, जिसमें पात्र आवेदकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए।

हितधारकों की भागीदारी को सुगम बनाने और योजना के प्रावधानों व आवेदन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए, मंत्रालय **20 जुलाई 2026** को एक **प्री-एप्लीकेशन कॉन्फ्रेंस** आयोजित करेगा। भावी आवेदकों और अन्य हितधारकों को इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने और स्पष्टीकरण के लिए अपने सवाल भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 सितंबर 2026** है।

**योजना के दिशानिर्देश, प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)** और आवेदन की समय-सीमा **कोयला मंत्रालय की वेबसाइट** पर उपलब्ध हैं। संबद्ध संस्थाओं को दस्तावेज़ों की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

****

**पीके/केसी/एसके/एसएस**

(रिलीज़ आईडी: 2282631) आगंतुक पटल : 526
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Gujarati , Tamil , Telugu